<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–**22** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा के गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा अर्चना कर की गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा। पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतंर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर लखनऊ में राजकीय वानिकी संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित। कहा– वन संरक्षण के लिये सभी को करना होगा सतत प्रयास।
- केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को दी मंजूरी। कल से लागू होगा यह आवंटन नियम।
- चैत्र नवरात्र के चौथे दिन प्रदेश के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में हो रही मां भगवती के चौथे स्वरूप माता कुष्मांडा की पूजा–अर्चना।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन कल मथुरा के गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने पारंपरिक गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। राष्ट्रपति ने गोवर्धन पर्वत की तलहटी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के साथ–साथ उनका पर्यावरण संतुलन भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और प्रकृति की रक्षा करने की अपील की।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर कल लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय वानिकी संवाद को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वन संरक्षण के लिये सभी को सतत प्रयास करते रहना चाहिए। वन संरक्षण केवल मानव सभ्यता के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीव सृष्टि के लिए महत्वपूर्ण है।

***वन संरक्षण यह केवल मानव सभ्यता के लिए नहीं जीव सृष्टि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसलिए जीव सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ कृति ईश्वर की मनुष्य है तो मनुष्य की सबसे बड़ी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इस ओनरशिप को अपने ऊपर लें और वन के संरक्षण के लिए हम अपने स्तर पर प्रयास करें।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई अभियान जन–आंदोलन बनता है तो सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने वनाच्छादन बढ़ाने में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर हरित विकास की नई दिशा स्थापित की है।

***पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम लोगों ने अपने वन आच्छादन को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। यह एक प्रयास है और मेरा मानना है कि इस प्रयास में हमें सफलता प्राप्त तब हुई जब हम लोगों ने इसे जन आंदोलन बनाने का कार्य किया। यह केवल वन विभाग का कार्यक्रम नहीं बन पाया। जब भी कोई अभियान जन आंदोलन बनता है तो उसमें सफलता प्राप्त होती है क्योंकि उसमें समाज उसको लीड करता है।***

**********

श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कल अयोध्या में ट्रस्ट की बैठक के बाद बताया कि आगामी दो अप्रैल को हनुमान जंयती के अवसर पर राम मंदिर परिसर में बने हनुमान जी के मंदिर पर ध्वजारोहण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसे लेकर तैयारी सुनिश्चित की जा रही है।

**********

मथुरा जिले के कोसीकलां थाना क्षेत्र में फरसा वाले बाबा नाम से मशहूर गौसेवक चंद्र शेखर की कल सड़क हादसे में हुयी मौत के बाद वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया। उसे नियंत्रित करने के लिये पुलिस को आंसूगैस और लाठीचार्ज करना पडा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

**********

केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। यह अब बढ़कर पचास प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी विस्तार के लिए सुगम सुधारों पर आधारित दस प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। यह अतिरिक्त आवंटन राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, सब्सिडी वाली कैंटीन और अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा। इस संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों से कहा है कि यह आवंटन कल से लागू होगा। उन्होंने कहा कि सभी वाणिज्यिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को कुल पचास प्रतिशत आवंटन से वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त करने के लिए पात्र होने से पहले तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगा।

***सरकार ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार स्थिति पर नजर रख रही है और जरूरी कदम उठा रही है। इसलिए लोगों से घबराहट की जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और***

***प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन बढ़ा दिया गया है। वहीं अलग–अलग राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारे जा रहे हैं। वहीं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा कि वह जहाजों की आवाजाही, बंदरगाहों के कामकाज, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और समुद्री व्यापार पर नजर रखे हुए है। अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन प्रदेश भर में आज श्रद्धालु मां भगवती के चौथे स्वरूप माता कुष्मांडा की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। प्रदेश के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में ब्रहममुहूर्त से ही दर्शन–पूजन के लिये श्रद्धालुओं की कतार लगी हुयी है। मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर में प्रदेश भर से श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिये पहुंचे हुए हैं। वह कतारबद्ध होकर मां के दर्शन कर रहे हैं। एक रिपोर्ट हमारे प्रतिनिधि से–

***मां के भव्य शृंगार, घंटा, शंख और नगाड़े की गूंज के बीच आज आरती के बाद जैसे ही मां के पट खुले तो पहाड़ा वाली के जय जयकारे से विंध्यधाम की गलियां गूंज उठीं। कोई झांकी से तो कोई गर्भ गृह में जाकर विधिवत मां के दर्शन कर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना कर रहे हैं। माता के दर्शन के बाद अधिकांश श्रद्धालु मंदिर परिसर में बाहर परिक्रमा पथ पर परकोटा में बनाए गए हवन कुंड की परिक्रमा करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु मां अष्टभुजा माँ काली के दर्शन पाकर अभिभूत हो रहे है। एसएम साबा आकाशवाणी समाचार मिर्जापुर।***

उधर, बलरामपुर के मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और दर्शन–पूजन करने का सिलसिला जारी है। हमारे बलरामपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन देवी पाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन–पूजन के लिए लगी है। प्रातः काल से लंबी कतारें में लगकर लोग दर्शन पूजन कर रहे हैं ।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और बैरिकेडिंग शामिल है। प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी गई है। राम कुमार मिश्रा आकाशवाणी समाचार देवीपाटन शक्तिपीठ बलरामपुर।***

**********

प्रदेश भर में कल ईद–उल–फित्र का पर्व श्रद्ध–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में बनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की और देश में अमन शांति और खुशहाली के लिए दुआ की। नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के दौरान सभी जिलों में प्रशासन सुरक्षा को लेकर सतर्क रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–फ़ित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व अमन–चैन और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृ ढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल हुयी वर्षा के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इसके चलते लोगों को ठंड के मौसम के लौटने का अहसास हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में मौसम एक बार फिर साफ हो जायेगा और तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगेगी। उधर, मौसम में बदलाव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वयं फील्ड में निकलकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कर राहत पहुंचाये।

**********